प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 15.06.2024

- **अपराधों की रोकथाम हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कडी कार्यवाही के क्रम में थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या की घटना का किया गया, सफल अनावरण।**
- **थाना सिकन्दरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करीमनगर में गैर इरादतन हत्या की घटना को अंजाम देने वाले 03 नफर अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल के साथ किया गया, गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक,कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना सिकन्दरा पर दिनांक 13.06.2024 को वादी श्रीराम पुत्र श्री श्यामलाल निवासी ग्राम करीम नगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात द्वारा खुद के पुत्र के साथ अभियुक्तगणों द्वारा मारपीट व गाली गलौज करने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर एन0सी0आर0 81/2024 धारा 323/504 भा0द0वि0 बनाम अभियुक्तगण 1. सत्यनरायन पुत्र सोबरन 2. प्रेमपाल पुत्र सत्यनरायन 3. राधेश्याम पुत्र सत्यनरायन निवासी गण ग्राम करीमनगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात पंजीकृत हुई। वादी के पुत्र देव सिंह के मारपीट में आई गंभीर चोटें के कारण इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर एन0सी0आर0 उपरोक्त को मु0अ0सं0 136/24 धारा 304 भा0द0वि0 में तरमीम किया गया। जिसमें थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1. प्रेमपाल पुत्र सत्यनारायण 2. राधेश्याम पुत्र सत्यनारायन 3. सत्यनारायन पुत्र सोबरन निवासीगण करीम नगर सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 15.06.2024 को समय 13.00 बजे बुधौली मोड थाना क्षेत्र सिकन्दरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद लोहे का सरिया व 01 अदद लोहे का पाइप व 01 अदद लकडी का डंडा बरामद किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ विवरण- अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि साहब हमारी देव सिंह से रंजिश चल रही थी जिसको लेकर हम सब ने मिलकर देव सिंह के साथ मारपीट की थी, परन्तु उसकी मृत्यु हो गयी। साहब हमसे गलती हो गयी है, हमें माफ कर दो।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. प्रेमपाल पुत्र सत्यनारायण निवासी करीम नगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
2. राधेश्याम पुत्र सत्यनारायन निवासी करीम नगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
3. सत्यनारायन पुत्र सोबरन निवासी करीम नगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद लोहे का सरिया
2. एक अदद लोहे का पाइप
3. एक अदद लकडी का डंडा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उप निरीक्षक गजेन्द्र पाल सिंह चौकी प्रभारी रसधान थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
2. हे0का0 172 दिनेश प्रताप सिंह थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
3. का0 891 राजू सिंह थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
4. का0 58 रामनरेश थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
5. का0 1106 मनीष कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।